इतना कर दो करम खाटूवाले | by Shubham Raghuvanshi

इतना कर दो करम खाटूवाले
मैं भी आया हूँ तेरी शरण में

बिगड़ी हुई को तू ही बनाता
सोइ किस्मत को तू ही जगाता
ग़म का मारा हूँ मेरे कन्हैया
मेरा जीवन ये तेरे हवाले
इतना कर दो करम ....

हारे हुए को देता सहारा
डूबे हुए को देता किनारा
मांझी बन कर के आओ कन्हैया
मेरी नैया है तेरे हवाले
इतना कर दो करम ....

झूठी दुनिया है झूठा ज़माना
सच्चा तेरा है दर का ठिकाना
हाथ पकड़ो ये मेरा कन्हैया
मेरा जीवन ये तू ही संभाले
इतना कर दो करम ....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%87%e0%a4%a4%e0%a4%a8%e0%a4%be-%e0%a4%95%e0%a4%b0-%e0%a4%a6%e0%a5%8b-%e0%a4%95%e0%a4%b0%e0%a4%ae-%e0%a4%96%e0%a4%be%e0%a4%9f%e0%a5%82%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a5%87-by-shubham-raghuvanshi/